शिक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अधिकाधिक मदद का किया आह्वान शिक्षण संस्थानो को 14 अप्रैल तक बंद रखे जाने के आदेश जारी

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
M-31-3-2020-5.docx (http://103.203.138.54/news/205592/document/M-31-3-2020-5.docx)

DESCRIPTION

शिक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अधिकाधिक मदद का किया आह्वान
शिक्षण संस्थानो को 14 अप्रैल तक बंद रखे जाने के आदेश जारी

जयपुर, 31 मार्च। राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर प्रदेश के सभी राजकीय, गैर राजकीय विद्यालय, छात्रावासों एवं सभी संस्थानों को आगामी 14 अप्रैल तक पूर्णतः बंद रखे जाने के निर्देश दिए हैं।

शिक्षा मंत्री श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने बताया कि कोरोना वायरस प्रभाव में लॉकडाउन के तहत पूर्व आदेशों के संदर्भ में ही यह आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने आम जन का आह्वान भी किया है कि वे सरकार द्वारा जारी आदेशों की पूर्ण पालना करें तथा संक्रमण से बचाव के लिए लॉकडाउन की पूर्णतः पालना करें।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 2.5 करोड़ राशि का सहयोग -

शिक्षा मंत्री श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने बताया कि कोरोना वैश्विक महामारी प्रकोप को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 2.5 करोड़ की राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिए जाने का निर्णय लिया गया हैं। उन्होंने भामाशाहों और दानदाताओं से अपील की है कि संकट के इस समय में जरूतमंदो की मदद के लिए वे दिल खोलकर मुख्यमंत्री राहत कोष में अधिकाधिक मदद करे।

SUPPORTING IMAGES